नईदुनिया

98वें यूरोलॉजी शिविर आयोजन की पूर्व तैयारियों की समीक्षा

मरीज 22 सितम्बर तक करा सकते हैं पंजीयन

भोपाल, (हिनप्र)। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के प्रबंधन ट्रस्टी श्री एल. सी. जनियानी जी ने आज आगामी 23 सितम्बर 2023 से लगने वाले 98वें नि:शुल्क यूरोलॉजी शिविर आयोजन की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि शिविर में आने वाले मरीजों के लिये आवश्यक दवाईयों तथा ब्लड यूनिट्स का बंदोबस्त कर लिया गया है। शिविर आयोजन की अनुमति राज्य के स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त कर ली गई है। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को संत नगर में ठहराने के सभी प्रबन्ध कर लिये गये हैं । ऑपरेशन थियेटर्स के रखरखाव, फ्यूमीगेशन इत्यादि का कार्य पूरा कर लिया गया है । सर्जरी के पहले तथा बाद में रोगियों की देखभाल हेतु पर्याप्त संख्या में सेवादारों की तैनाती की गई है । बैठक में बताया गया कि यूरोलॉजी मरीजों को पंजीयन में होने वाली कठिनाईयों को दूर करने के लिये अब मोबाइल नं. 6260392547 पर पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है । पेशाब की बीमारियों से पीड़ित रोगी इस मोबाइल नम्बर पर दिनांक 22 सितम्बर 2023 तक पूर्वान्ह 11 से संध्या 5 बजे तक पंजीयन करवा सकते हैं । सेवा सदन के प्रबंधन ट्रस्टी श्री एल.सी जनियानी ने कहा कि संत हिरदाराम साहिब जी ने हमें सेवा का रास्ता दिखाया है। संत जी के सेवा कार्यों को अब सिद्ध भाऊजी आगे बढा रहे हैं। श्री जनियानी ने कहा कि सेवा ही सबसे बडा आर्शीवाद है। इस अवसर पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के कोर ग्रुप के सभी सदस्य, सेवादार, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मिठी एनसीसी कैडेट्स मोहित को गोल्ड अभिनव को कांस्य

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल की एनसीसी नेवल विंग के दो कैडेट्स मोहित डे व अभिनव शर्मा का चयन आरडीसी आईजीसी अगले स्तर के लिए हुआ है। छह से 11 सितंबर तक नेशनल केडिट कॉर्प टू ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया था। आरडीसी आईजीसी में छात्रों ने लिखित परीक्षा (नेवी व सामान्य ज्ञान), शूटिंग इवेंट, ड्रिल व सांस्कृतिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । मोहित डे को कैंप में 6 दिवसीय प्रदर्शन के आधार पर बेस्ट केडिट का स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। अभिनव शर्मा को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। दोनों ही छात्र मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के लगभग 77 कैडेट्स के मध्य कड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए सर्वश्रेष्ठ 27 कैडेट्स में सम्मिलित हुए हैं।

भारतीय स्टेट बैंक में राजभाषा पखवाड़ा के अन्तर्गत कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

भोपाल (काप्र)। भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय के पंचम तल स्थित सभागृह में देश के शीर्षस्थ कवियों ने अपनी रचनाओ से ऐसा समा बांधा कि समय कब व्यतीत हो गया, श्रोताओं को पता ही नही चला 7 कभी प्रेम रस की कविता नई पीढ़ी को रोमांचित कर रही थी, तो कभी हास्य-व्यंग्य से सराबोर रचनाएँ लोगों को गुदगुदा रही थी। देश भक्ति पर आधारित कविता उपस्थितजनों में उमंग और ऊर्जा का संचार कर रही थी। इस अविस्मरणीय कवि सम्मेलन का आयोजन एसबीआई द्वारा राजभाषा पखवाड़ा 2023 के अन्तर्गत किया गया 7 इस कवि सम्मेलन मे इंदौर के युवा कवि श्री अमन अक्षर, जिनकी कविता सारा जग है प्रेरणा ङ्क प्रभाव सिर्फ राम है आजकल बड़ी चर्चित है, देवास के वीर रस के ओजस्वी कवि श्री शशिकांत यादव, कानपुर से पधारे लाफ्टर चेलेंज फ्रेम श्री हेमंत पाण्डे सहित देश के प्रख्यात गीतकार दिनेश रघुवंशी शामिल थे 7 कवि सम्मेलन के प्रारंभ में एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक श्री बिनोद कुमार मिश्रा जी ने महाप्रबंधक श्री कुंदन ज्योति नेटवर्क -1, महाप्रबंधक नेटवर्क -3 श्री नीरज प्रसाद, उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी श्री दीपक कुमार झा सहित आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम कि शुभारंभ किया, तत्पश्चात श्री बिनोद कुमार मिश्रा सहित अन्य उच्च प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी आमंत्रित कवियों को शाल-श्रीफल से सम्मानित किया।

मिट्टी के गणेश की प्रतिमा स्थापित करें, पर्यावरण को शुद्ध रखें: गेहानी

भोपाल, (हिनप्र)। साधु वासवानी स्कूल में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भिन्न-भिन्न रुपों में मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनायी, रंगों के स्थान पर सिंदूर, पौधों की फूलों एवं पत्तियों का प्रयोग किया गया, किसी ने चूहे की सवारी पर बिठाकर तो किसी ने सिहांसन पर बिठाकर गणपति की प्रतिमा को आकर्षक रुप दिया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य यही है कि बच्चे अपने हाथों से मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाएंगे जिसमें श्रद्धा व भावना होगी और 11 दिन तक घर में श्री गणेश जी की पूजा करेंगे। उसके बाद बाल्टी में पानी भरकर गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन करेंगे। पीआरओ दीपा आहूजा ने बताया कि गणपति महोत्सव का प्रारंभ देश को एकता के सूत्र में बांधने हेतु किया गया था हर शुभ कार्य में गणेश जी की पूजा की जाती है, गणेश जी विघ्नहर्ता, सुखकर्ता, बुद्धि व ज्ञान के दाता हैं हमें अपने कार्य को सार्थक करने के लिए गणेश जी की उपासना अवश्य करनी चाहिए। उप प्राचार्या स्वाति कलवानी, शिक्षक रामकिशन पाराशर और शिक्षिका ममता जनियानी ने पर्व पर अपने विचार रखे। विद्यालय में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। 11 दिन विधिवत् पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

सभी पुरस्कृत हुए: लाइफ लाइन स्कूल में सोमवार को इको फ्रेंडली गणपति बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक गणेशजी की प्रतिमाएं मिट्टी से बनाईं और कलर भी किया। प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी किरण वाधवानी, नैना वाधवानी ने प्रमुख से मौजूद रहीं।

रिटायर्ड आईएएस जयदीप गोविंद का निधन

भोपाल। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और मध्य प्रदेश वाणिज्यिक कर अपीलीय बोर्ड के अध्यक्ष जयदीप गोविंद का सोमवार की रात इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे थे। गोविंद 2013 और 2014 के क्रमश: विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन में मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रहे। इसके बाद भी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ रहे। सितंबर 2020 में अपर मुख्य सचिव के पद से रिटायर होने के बाद जयदीप गोविंद को एक साल बाद सितंबर 2021 में मप्र वाणिज्यक कर अपीलीय बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उन्हें पांच साल या अधिकतम 65 साल की उम्र के लिए यह नियुक्ति दी गई थी। उन्हें दो साल ही वाणिज्यिक कर अपील बोर्ड का अध्यक्ष बने हुआ था।

हिंदी हमारे होने की है पहचान : विजय बहादुर

भोपाल(काप्र)। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार श्री विजय बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम के संचालन करते हुए प्रारंभ में राजभाषा अधिकारी श्री सुधीर श्रीवास्तव ने पखवाड़े में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के हिंदी दिवस पर दिए गए संदेश का वाचन किया।

इसके बाद संग्रहालय के कार्यालय अध्यक्ष डॉ सूर्य कुमार पांडेय ने वक्ता का परिचय देते हुए बताया कि श्री विजय बहादुर सिंह का छात्र जीवन कोलकाता

और सागर, मध्य प्रदेश में बीता। आजीविका हेतु अध्यापक रहे और स्कूली शिक्षा पर भी कुछेक पुस्तकें लिखीं। आजादी के बाद के लोग% स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज के चारित्रिक प्रगति और पतन से सम्बन्धित लेखों की उनकी चर्चित पुस्तकें हैं।कविता के अब तक नौ संकलन आ चुके हैं। आलोचक के रूप में कविता, आलोचक के रूप में कविता, कहानी, उपन्यास विधा में उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज की है। राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के कई पुरस्कार एवं सम्मानों से विभूषित हैं। संग्रहालय की परंपरा के अनुसार निदेशक डॉ अमिताभ पांडे ने श्री सिंह को शाल एवं संग्रहालय की प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। निदेशक डॉ अमिताभ पांडे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि भाषा संस्कृति को जानने एवं समझने का माध्यम है। हिंदी प्रशासन एवं व्यवहार की भाषा है।

संतजी के अवतरण दिवस पर रामधुनी

भोपाल,हिनप्र। युवा सिंधी मंच संत हिरदाराम साहिब जी का अवतरण दिवस 21 सितंबर को मनाएगा, जिसमें रामधुनी सुबह 11 से 12.00 बजे, प्रसादी वितरण व भण्डारा दोपहर एक बजे से शाम 5.00 बजे तक किया जायेगा । यह जानकारी मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी ने दी है। पौधों का वितरण = बजरंग सेना समिति संत हिरदाराम साहिब जी के अवतरण दिवस पर 19 से 21 सितम्बर तक 200 तुलसी के पौधों का वितरण करेगी। कोई भी कमलेश देवानी, राज कुमार गर्ग , जीतू शिवनानी, राजेश केवलानी से संपर्क कर पौधे ले सकता है।

कार्यालय प्रचार्य, स्वामी विवेकानन्द शास. महाविद्यालय
बैरसिया जिला भोपाल
NAAC Accredited-B+, Institution
website:-http://www.mphighereducation.nic.in/gcbarasiabpl
E-mail Id:-hegsvdcberbho@mp.gov.in Phone No;-07565-299028

क्रमांक 908/निविदा/2023 बैरसिया, दिनांक-15.09.2023

निविदा सूचना

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय बैरसिया, के विद्यार्थियों हेतु ग्रंथालय में पुस्तक क्रय करने हेतु खुली निविदा जैम पोर्टल के माध्यम से किया जाना है।

निविदा क्रमांक.	विड दिनांक	विड क्लोज दिनांक	सामग्र एव शर्तें
GEM/2023/B/3966045	15.09.2023	25.09.2023	जैम पोर्टल पर उपलब्ध है।

जी/19883/23

प्राचार्य, स्वामी विवेकानन्द शास. महाविद्यालय
बैरसिया भोपाल (म.प्र.)

प्रदेश कायस्थ महिला कार्यकारिणी का गठन

भोपाल(काप्र)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष सम्मानीय विश्वास सारंग मंत्री प्रांतीय अध्यक्ष माननीय सुनील श्रीवास्तव की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव महिला प्रकोष्ठ ने प्रादेशिक महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें तृप्ति भटनागर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ग्वालियर, अंजलि खरे प्रदेश उपाध्यक्ष भोपाल, कीर्ति खरे भोपाल प्रदेश उपाध्यक्ष, आराधना संजय प्रदेश महामंत्री भोपाल, सरीना माथुर प्रदेश महासचिव गंजबासौदा, साधना श्रीवास्तव प्रदेश संगठन मंत्री गंजबासौदा, वंदना श्रीवास्तव प्रदेश सचिव भोपाल, संध्या श्रीवास्तव भोपाल प्रदेश सचिव।

दो दिवसीय सिंधी नाट्य उत्सव में आएंगे चार राज्यों के आर्टिस्ट

भोपाल (काप्र)। भोपाल में 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को रविंद्र भवन भोपाल में सिंधी नाटकों के मंचन होंगे। प्रख्यात साहित्यकार स्व. सुंदर अगनानी का स्मरण भी किया जाएगा। अजमेर निवासी लेखिका डॉ. कमला गोकलानी, साहित्य अकादमी की ओर से मेरे झरोखे से कार्यक्रम के अंतर्गत अगनानी जी के साहित्य और रंगमंच क्षेत्र में योगदान पर वक्तव्य देंगी। सिंधी रंग समूह संस्था द्वारा दो दिवसीय आयोजन में चार राज्यों महाराष्ट्र,गुजरात,राजस्थान और मध्यप्रदेश के रंगमंच आर्टिस्ट आएंगे।

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

रानी दुर्गावती की...

सरकारी स्कूलों के बच्चे भी मेडिकल की पढ़ाई कर सके इसलिये सरकार द्वारा पांच प्रतिशत सीटें सरकारी स्कूल के बच्चों के लिये आरक्षित की गई है। उन्होनें बताया कि बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को लेपटॉप, शासकीय स्कूलों से प्रथम श्रेणी के साथ बारहवीं कक्षा में टॉप करने वाले बच्चों को स्कूटी दी गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारंभ कर प्रदेश की महिलाओं को मान सम्मान देने का कार्य भी प्रदेश सरकार द्वारा किया गया है। अब मुख्यमंत्री लाडली बहना आवास योजना के माध्यम से कच्चे आवास में रहने वाली लाडली बहना को पक्के आवास बनाने के लिये राशि प्रदान की जायेगी। इसके फार्म भरना प्रारंभ हो चुके हैं। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही एवं लाडली बहना को अब 450 रूपये की रियायती दरों में रसोई गैस सिलेंडर दिये जायेंगे। इस कार्यक्रम में विधायक अशोक रोहाणी, श्री अजय विश्नोई, श्री सुशील इंदु तिवारी, श्रीमती नंदिनी मरावी, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, शरद जैन, पूर्व महापौर स्वाति सदानंद गोडबोले सहित बड़ी तादाद में जन समूह मौजूद रहा। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन जिला पंचायत अध्यक्षसंतोष वरकड़े ने दिया। विधायक अशोक रोहाणी ने आभार प्रदर्शन द्वारा किया गया।

संसद का पुराना...

कभी नहीं भूल सकता। आतंकियों से लड़ते लड़ते जिन्होंने सदन को गोलियों से बचाया मैं उनको भी नमन करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वन नेशन वन टैक्स का फैसला इसी सदन ने किया। गरीबों के लिए 10 फीसदी आरक्षण देने का फैसला इसी सदन में हुआ। यही सदन है जहां एक वोट से अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार गिर गई थी। उन्होंने कहा कि आज जब हम इस सदन को छोड़ रहे हैं तो मैं उन पत्रकारों को भी नमन करता हूं, जिन्होंने यहां की पल-पल की जानकारी देश को उपलब्ध कराई। उनका सामर्थ्य था कि वह अंदर की बात भी जनता तक पहुंचाते थे।

प्रधानमंत्री संसद में...

नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 21 मौकों पर बयान दिए, जबकि मनमोहन सिंह ने अपने-अपने कार्यकाल के दौरान 30 बार ऐसा किया। उन्होंने कहा, इसके विपरीत, प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ पारंपरिक टिप्पणियों को छोड़कर, केवल दो बार बयान जारी किए हैं। खड़गे ने कहा कि अंग्रेजों ने भारत को कमतर आंका, लेकिन यह एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विजयी हुआ है।

महिला आरक्षण बिल...

नड्डा भी मौजूद रहे, गोयल और जोशी का अब प्रधानमंत्री से मिलने का कार्यक्रम है ।बीजेपी बुधवार या फिर उसके एक दिन बाद महिलाओं की एक बड़ी सभा दिल्ली या दिल्ली से जुड़े राजस्थान के किसी शहर में कर सकती है. सभा को खुद पीएम मोदी संबोधित कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि इस पूरे कार्यक्रम को फिलहाल गुप्त रखा गया है । सूत्रों ने बताया कि महिला आरक्षण विधेयक पास होने पर दिल्ली के आसपास के इलाकों से हजारों की तादात में महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देने के लिए दिल्ली आ सकती हैं । दरअसल, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर जो सांसद आए थे वो दिल्ली के आसपास (एनसीआर) के थे. सूत्रों के मुताबिक, सांसदों को दिल्ली के आसपास के संसदीय क्षेत्रों से महिलाओं को लाने की जिम्मेदारी दी गई है।

नए संसद भवन में...

होकर काम करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य नए संसद भवन में नई आशाओं, नई उम्मीदों के साथ प्रवेश करेंगे। नए भवन में भारत का लोकतंत्र नई ऊंचाईयां प्राप्त करेगा। बिरला ने इसके बाद सदन की कार्यवाही कल दोपहर एक बजकर 15 मिनट तक के लिए स्थगित करने तथा कल की कार्यवाही नये भवन में होने की घोषणा की।

लोकतंत्र में व्यवधान...

पत्थर देखे हैं। इस दौरान इस यात्रा में 15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि में नियति के साथ मिलन से लेकर 30 जून, 2017 की मध्यरात्रि में सेवा एवं वस्तु कर , जीएसटी व्यवस्था के अनावरण तक कई ऐतिहासिक क्षण आए। उन्होंने कहा कि संविधान सभा में तीन वर्षों तक चले विभिन्न सत्रों में हुए विचार-विमर्श ने मर्यादा और स्वस्थ बहस का उदाहरण पेश किया।

60 स्कूल संचालकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान

भोपाल, (हिनप्र)। सिंधी महिला पंचायत ने संतनगर के 30 स्कूलों के संचालकों के साथ 30 शिक्षकों का सम्मान किया गया, जिसमें अतिथि के रूप में प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अकादमी अजीत सिंह शामिल हुए। विशेष अतिथि अशोक मनवानी ओर मधुबाला सक्सेना थे। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। अतिथियों का स्वागत महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी ने किया। महासचिव मधु ललवानी ने पंचायत की गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों ने कहा महिला पंचायत के बैनर तले 60 शिक्षक और स्कूल संचालकों का सम्मान सराहनीय है। कार्यक्रम में बसंत चेलानी, सपना श्रीवास्तव का भी सम्मान किया गया।

कार्यालय नवीन मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

(पंजीयन क्रमांक/ डी.आर.बी./ 306, दिनांक 05.06.1989)

क्रमांक/निर्वा./2023/बधू भोपाल दिनांक : 18.09.2023

निर्वाचन आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत् विशेष साधारण सम्मेलन दिनांक 03.10.2023 दिन-मंगलवार को प्रात: 10:30 बजे से स्थान संस्था कार्यालय-22 भोईपुरा, बुधवारा, भोपाल पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी श्री वितीन खटावकर (सहकारी निरीक्षक), द्वारा दिनांक 25.09.2023 दिन-सोमवार को समय दोप: 12:00 से 2:00 बजे तक नामांकन पत्र लिये जावेगे, उसी दिनांक 25.09.2023 दिन-सोमवार को समय दोपहर-02:15 बजे से निर्वाचन पत्रों की जांच की जाएगी एवं दिनांक 26.09.2023 को समय दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक नामांकन पत्रों की वापसी स्थान कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता (डी-ब्लांक, पुराना सचिवालय) जिला भोपाल पर की जा सकेगी। तत्पश्चात उम्मीदवारों की सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी श्री वितीन खटावकर (सहकारी निरीक्षक) द्वारा किया जावेगा। विशेष साधारण सभा की सूचना के साथ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम सदस्यों को पृथक से साधारण डाक द्वारा भेजा गया है।

(अखिलेश नैन तोमर) प्रशासक
नवीन मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

2803

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश, भोपाल
फोन: 0755-2772262

क्रमांक 9548/औषधि शाखा/2023-24/भोपाल दिनांक 12.09.2023

निविदा सूचना

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से फार्मोकोपियल औषधि हेतु e-procurement प्रणाली Portal http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

स.क्र.	विवरण	निविदा जारी करने का दिनांक	निविदा राशि	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र जमा करने का अंतिम दिनांक
MPDAH NIT 178/2023	राज्य स्तरीय संस्थाओं के उपयोग हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से फार्मोकोपियल औषधि हेतु निर्माता फर्म एवं रीपैकर्स से निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माता फर्म एवं रीपैकस का टर्न ओव्हर रु. 50.00 लाख वित्तीय वर्ष 2022-23 को होना अनिवार्य है।	22.09.2023	1000+ Processing Fees	रुपये 1.00 लाख की धरोहर राशि ऑनलाईन mptenders.gov.in पर जमा की जानी है।	6.11.2023 शाम 5 :30 तक

1. निविदा प्रपत्र उपर वर्णित वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य 10.00 करोड़ है।
3. निविदा में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में उक्त संशोधन www.mptenders.gov.in तथा http://www.mpdah.gov.in अपलोड किया जाएगा।

जी/19879/23

संचालक पशुपालन एवं डेयरी, मध्यप्रदेश, भोपाल

कार्यालय नगर पालिक निगम,भोपाल
यांत्रिक विभाग (मुख्यालय) गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल.)

क्र. 212/यां.वि./2023 **निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र** भोपाल दि. 15/9/2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहरबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	आनलाईन निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित राशि	कार्य की अवधि
1.	2023-UAD_295693_2	Construction of 5 No. Shops at 9B Saket Nagar W-54, Z-13	16,96,756/-	4 Month

1. Interested bidders can view the NIT On website https://www.mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30 A.M. (Time) 14.09.2023 (date) to 17:30 P.M. (time) 27.09.2023 (date) 3. Amendments to NIT (if any) would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

नि.क्र. 1040/023/024

Executive Engineer, Munecipal Corporation Bhopal, District Bhopal

कार्यालय नगर पालिका परिषद् बैरसिया जिला भोपाल (म.प्र.)
Municipal Council Berasia Dist. Bhopal (M.P.) Fax No. 07565-282231
e-mail- emoberasia5@gmail.com/e-mail-emoBarisia@mpurban.gov.in

क्रमांक/2417/स्टोर/2023 बैरसिया दिनांक 15.09.2023

आनलाईन निविदा (प्रथम सूचना)

टेंट सामग्री किराये हेतु निकाय द्वारा वेबसाईट www://mptenders.gov.in पर निविदा दर आमंत्रित की गई है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधित होने की स्थिति में वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी समाचार पत्र में नहीं।

नं.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	अमानत राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र की कीमत
1.	2023_UAD__308331	टेंट सामग्री (सूची अनुसार)	10.00 लाख	10,000	सक्षम श्रेणी	2023-24	2,000.00

1. टेण्डर डाक्यूमेंट दिनांक 15.09.2023 समय 2.00 से दिनांक 30.09.2023 समय शाम 17.30 तक सिर्फ ऑनलाईन वेबसाईट www://mptenders.gov.in अंतर्गत क्रय एवं जमा किए जा सकते हैं। 2. निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्तें वेबसाईट www://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बैरसिया जिला भोपाल

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बैरसिया जिला भोपाल